an>

Title: Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 15th December, 2014.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI RAJIV PRATAP RUDY): With your permission, Madam, I rise to announce the Government Business for the remaining part of the current Session will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.

2. Consideration and passing of the following Bills:-

    (a) The Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Amendment Bill, 2014.

    (b) The National Capital Territory of Delhi Laws (Special Provisions) Amendment Bill, 2014.

    (c) The Companies (Amendment) Bill, 2014.

    (d) The Regional Rural Bank (Amendment) Bill, 2014.

    (e) The Lokpal and Lokayuktas (Amendment) Bill, 2014.

    (f) The Warehousing Corporations (Amendment) Bill, 2014.

3. Consideration and passing of the Insurance Laws (Amendment) Bill, 2008, as reported by the Select Committee of Rajya Sabha and after it is passed by Rajya Sabha.

4. Consideration and passing of Anti Hijacking (Amendment) Bill, 2014, after it is passed by Rajya Sabha.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, लोक सभा के आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाएः-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा अन्तर्गत प्रत्येक पंचायत में सिंचाई के लिए पाँच-पाँच टय़ूबवैल की व्यवस्था कराई जाए।

2. देश में प्रत्येक वृद्ध, मजदूर-किसान, जिसकी उम्र 60 साल से अधिक हो, उसे वृद्धावस्था पेंशन दिया जाए।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Madam, I would request to include the following subjects in the agenda for the next week's Business of the Lok Sabha.

1. Decline in price of natural rubber due to import of rubber from abroad.

2. Fall in price of crude oil in international market and the price of petroleum products in the domestic market.

**श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, समूचे भारत में मिल्क पाउडर के मूल्य में काफी गिरावट आने और मिल्क पाउडर का निर्माण करने वाली फैक्टरियों ने एवं शहरी संस्थाओं ने दूध की खरीददारी बंद की है। इसके कारण बाजार में अतिरिक्त दूध का निर्माण हो रहा है। महाराष्ट्र में प्रतिदिन लगभग 30 लाख लीटर दूध अतिरिक्त हो रहा है। महाराष्ट्र जैसी ही स्थिति कर्नाटक, आध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में भी उत्पन्न हो गयी है। इसलिए केन्द्र सरकार को मिल्क पाउडर के निर्माण के लिए अनुदान देना और आगे के दो माह में मिल्क पाउडर के निर्माण के लिए अनुदान देकर इन्हें प्रोत्साहित करने का निर्णय तुरन्त लेना आवश्यक है, क्योंकि दूध के उत्पादन पर देश भर के सीमांत किसान, भूमिहीन किसान, मजदूर का पेट निर्भर है। उनको आधार देने के लिए शीघ्र अनुदान देने का निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसलिए आने वाले अगले सप्ताह के कामकाज में यह विषय सम्मिलि किये जाने की विनती है।

**श्री शैलेश कुमार (भागलपुर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, कृपया निम्न दो विषयों को अगले सप्ताह की कार्य सूची में जोड़ लिया जाएः-

1. विभिन्न गंभीर बीमारियों के नःशुल्क उपचार के लिए आर्थिक रूप से अपना इलाज कराने में असमर्थ व्यक्तियों को इलाज का पूर्ण खर्च अनुदान राशि के रूप में दिये जाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग का गठन किये जाने की आवश्यकता के सम्बन्ध में।

2. भागलपुर में मक्का का उत्पादन बहुत ही ज्यादा मात्रा में होता है, लेकिन मक्के का खाद्य प्रसंस्करण स्थानीय स्तर पर नहीं हो पाता है। अतः भागलपुर में मक्का के लिये खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किये जाने की आवश्यकता है जिससे किसानों को मक्के के उत्पादन में आई लागत के अनूरूप उचित लाभ

दिलाया जा सके।

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाए।

1. स्वास्थ्य का अधिकार अनिवार्यता के तहत आम गरीब, मजबूर लोगों को संक्रमण जैसी बीमारी का नःशुल्क इलाज एवं चिकित्सक द्वारा आर्थिक शारीरिक शोषण रोकने हेतु सख्त विधि नियम बनाए जाने के संबंध में।

2. शिक्षा का अधिकार अनिवार्यता के तहत् गरीब छात्रों के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को नःशुल्क करने हेतु सख्त विधि नियम बनाए जाने के संबंध में।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाएः-

1. बारहवीं लोक सभा 2003 में पारित गौ वंश की रक्षा के लिए संसद द्वारा ध्वनिमत से पारित निजी संकल्प के आलोक में गौ एवं गौ वंश की रक्षा के लिए सरकार तत्काल विधेयक प्रस्तुत करें।

2. मेरे चुनाव क्षेत्र दमोह के किसानों की लगातार चार फसलों के नष्ट हो जाने से दमोह जिले के तेंदूखेड़ा, जबेरा एवं दमोह तहसील में गंभीर संकट पैदा हो गया है। अतः इन क्षेत्रों के किसानों की रक्षा के लिए बुन्देलखण्ड पैकेज में प्रावधान करें।

**श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) :** महोदया, निम्नलिखित विषय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में सम्मिलित किया जाए :

1. यू.जी.सी. सहायता प्राप्त विश्वविद्यालय एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. तथा नेट अर्हता वाले छात्रों को खाली पड़े पदों में अविलम्ब नियुक्ति हेतु सख्त विधि नियम के संबंध में।
2. देशभर में किसानों के द्वारा की जा रही आत्महत्या, जिसका मुख्य कारण आर्थिक तंगी है, को रोकने हेतु सशक्त कृषक आर्थिक नीति बनाने के संबंध में।

**माननीय अध्यक्ष :** आपने एक ही विषय की नोटिस दी है। यहां एक ही विषय है, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बारे में है। एक ही विषय है।

श्री रत्न लाल कटारिया ।

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** मैडम, मैं अगले सप्ताह की कार्यसूची में यह विषय शामिल कराना चाहता हूं कि देश में दोहरी शिक्षा प्रणाली के परिणामस्वरूप गरीबों के बच्चे क्वालिटी एजुकेशन से वंचित हो रहे हैं। परिणामस्वरूप ये बच्चे सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ जाते हैं जिससे उनमें डिप्रेशन का माहौल बनने लगता है। मैं मांग करता हूं कि गरीबों के बच्चों, विशेषकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए उच्चस्तर की क्वालिटी शिक्षा प्रदान कराने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण सस्थान प्रदान कराए जाएं।

मेरा दूसरा विषय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित है। महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास की योजनाओं से संबंधित विषयों को संसद की कार्यसूची में शामिल करने का अनुरोध करता हूं। वैसे तो भारत का महिला समाज देश की आबादी का लगभग पचास प्रतिशत है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बस, हो गया। आपका विषय आ गया है। पूरा नहीं बोलना है, केवल विषय बोलना है। आपका विषय आ जाएगा। आप बैठिए।

**श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर):** अध्यक्ष महोदया, संसद की आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मलित किया जाए :

1. केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जयपुर-सवाईमाधोपुर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत कर शीघ्र चालू कराया जाए।

3. जयपुर रेलवे स्टेशन बहुत ही कम हैं, इनकी संख्या बढ़ाई जाए।

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में लोक महत्व के निम्न विषयों को शामिल करते हुए चर्चा कराने की कृपा करें -

1. देश के प्रमुख तीर्थस्थल चित्रकूट से निकलने वाली पवित्र मंदाकिनी नदी, जिसका गंगा नदी के समान ही आदर किया जाता है, प्रदूषित हो रही है। उसमें सूखे के कारण जलस्तर में भी काफी कमी आ गयी है। अस्तु, उसे भी सरकार की नमामि गंगे योजना में शामिल करते हुए प्रदूषण से मुक्त कर जलस्तर बढ़ाने की योजना बनाई जाए।

2. देश के प्रमुख तीर्थस्थल एवं पर्यटन स्थल चित्रकूट धाम, महाकाव्य रामायण के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर, रानी दुर्गावती आदि वीरों की भूमि कालिंजर दुर्ग व आदिशंकर की विशाल मूर्ति के लिए विख्यात मड़फा किले को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र में लाने व वहां का समग्र विकास करने हेतु कारगर योजना बनाई जाए।

**12.13 hrs**

**REFERENCE BY THE SPEAKER**